**खुशहाल होंगे किसान-नौजवान...** मेरठ रोड पर यूपी की पहली फ्रूट वाइनरी का प्लांट बनकर तैयार, जर्मनी की तकनीक से किया जायेगा फ्रूट वाइनरी का उत्पादन

# मुजफ्फरनगर में मिलेगी इटली-फ्रांस जैसी क्वालिटी वाली वाइन

**मुजफ्फरनगर, 08 जून (बु.)।** उत्तर प्रदेश की पहली फ्रूट वाइनरी अब जल्द ही उत्पादन करने को तैयार है। यह फ्रूट वाइनरी मुजफ्फरनगर जनपद में मेरठ रोड पर नई आबकारी नीति के अन्तर्गत एक निजी कंपनी के द्वारा स्थापित की गई है। इसमें आड़ू, लीची, जामुन, आम और आलुबुखारा जैसे अनेक फ्रूट से वाइन बनाने का काम होगा। इस प्लांट के लिए बस अब एक विशेष संयंत्र की जरूरत है, जर्मन से आई मशीनें प्लांट में लगा दी गई हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का श्रेय जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश को जाता है। इस प्लांट के लगने से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

मुजफ्फरनगर का आबकारी विभाग नया इतिहास रचने जा रहा है। डिस्टलरी में एक बड़ा हब बनने के बाद अब जनपद मुजफ्फरनगर फ्रूट वाइन के उत्पादन में भी कदम रखने जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश जनपद में चार साल का कार्यकाल पूर्ण करने जा रहे हैं। यहां पर उन्होंने जहां राजस्व प्राप्त करने में नया रिकार्ड बनाया, वहीं कोरोना काल में भी डिस्टलरियों में सेनिटाइजर निर्माण कराकर उन्होंने प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी कोरोना महामारी से निपटने के लिए संसाधन मुहैया कराने में योगदान दिया। अब उदय प्रकाश के प्रयासों से ही मुजफ्फरनगर में यूपी की पहली फ्रूट वाइनरी वजूद में आने को तैयार है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक पॉलिसी के तहत आबकारी नीति में साल 2022 में कुछ बदलाव किये गये थे, इसके अन्तर्गत निजी क्षेत्र में कंपनियों को आमंत्रित करते हुए वाइनरी की स्थापना कराने की योजना को अमलीजामा पहनाया गया। सितम्बर 2022 में प्रदेश के आबकारी आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा इसी आबकारी नीति के अंतर्गत मुजफ्फरनगर जनपद में प्रदेश का पहला वाइन प्लांट लगने की मंजूरी प्रदान करने की घोषणा की गयी थी, जिसमें फ्रूट से फ्रेस वाइन बनाई जाएगी।



## आड़ू, लीची और जामुन से तैयार होगी वाइन, प्लांट के शुभारंभ को एक संयंत्र के आने का हो रहा इंतजार

जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के नेतृत्व में यह प्लांट मुजफ्फरनगर के दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर स्थित गुप्ता रिसोर्ट के पास स्थापित किया गया है। इस प्लांट के लिए निजी क्षेत्र की कंपनी मैसर्स केडी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस फ्रूट वाइनरी में आड़ू, जामुन, आम, आलुबुखारा और लीची सहित अन्य फ्रूट से वाइन बनाने का काम किया जायेगा। प्लांट में जर्मन से आई मशीन भी लग चुकी हैं, जिससे फ्रूट वाइन बनाई जाएगी। अभी तक इस तरह की फ्रूट वाइन विदेशों में ही मिलती थी या फिर देश के बड़े शहरों में इनको खरीदा जा सकता था, लेकिन अब मुजफ्फरनगर जैसे छोटे शहर में भी वाइन का उत्पादन किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्लांट में फ्रूट से वाइन बनाने का काम कंपनी द्वारा किया जायेगा, फ्रेश फ्रूट से यहां पर फ्रेस वाइन बनाएंगे और इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जिले के सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। यह पॉलिसी उत्तर प्रदेश सरकार ने तय की और इसके एक साल के भीतर ही उत्तर प्रदेश का यह सबसे पहला वाइन प्लांट शुरू होने जा रहा है। यहां से लोग फ्रेस वाइन खरीद कर लेकर जा सकते हैं, सबसे बड़ा फायदा इसमें किसान भाइयों का है, उनको यहां पर आय का एक नया स्रोत मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। उन्होंने बताया कि दूसरा रोजगार के भी इसमें काफी अवसर निकलेंगे। यह जर्मन टेक्नोलॉजी से बना प्लांट है जिसके अंदर जो वाइन की क्वालिटी होगी वह एक नंबर की होगी जो अभी तक इंडिया में लोगों को नहीं मिल पाई थी। उन्होंने बताया कि यहां पर तैयार होने वाली वाइन की क्वालिटी सिर्फ इटली और फ्रांस में ही मिलती थी। इस प्लांट के शुरू होने के कारण अब उत्तर भारत क्या पूरे भारत में ही लोगों को उपलब्ध होगी। आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के मुताबिक मुजफ्फरनगर जनपद गंगा किनारे स्थित है। उन्होंने कहा कि वाइन अधिकांश तौर पर अंगूर से बनाई जाती है, लेकिन मुजफ्फरनगर में लीची, आड़ू, आम, अमरूद, आलुबुखारा, जामुन आदि फलों से वाइन तैयार होगी। पहले यह प्लांट अप्रैल में शुरू करने की योजना थी, लेकिन मशीनों को संचालित करने वाला एक संयंत्र मिलने में कुछ देरी के चलते इसमें विलंब हुआ है। उन्होंने आशा जताई कि जल्द ही यूपी की इस पहली फ्रूट वाइनरी का शुभारंभ होगा।

### प्लांट पर क्या बोले उदय प्रकाश...

**उत्तर प्रदेश में साल 2022 में आबकारी नीति में संशोधन करते हुए निजी क्षेत्र की कंपनियों को फ्रूट वाइन प्लांट लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था, इसको पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मुजफ्फरनगर से शुरू किया जा रहा है। इसमें मैसर्स केडी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस मिला है। प्लांट का शुभारंभ जल्द किया जायेगा, यहां पर जर्मनी की तकनीक को अपनाया गया है और मशीनों का अधिष्ठापन किया जा चुका है। आड़ू, लीची, जामुन, आम आदि फलों से इटली और फ्रांस वाली क्वालिटी की फ्रूट वाइन तैयार कराई जायेगी, इससे किसानों को बड़ा लाभ होगा...**

**उदय प्रकाश**, जिला आबकारी अधिकारी



फोटो बुलेटिन — मेरठ रोड स्थित फ्रूट वाइन प्लांट में निरीक्षण करते डीईओ उदय प्रकाश।

## ग्रेन चैम्बर क्रिकेट एकेडमी का दून वैली में शानदार प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 8 जून (बु.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर क्रिकेट एकेडमी टीम व दून वैली पब्लिक स्कूल के स्ट्राइकर क्लब की क्रिकेट टीम के बीच ट्राई सीरीज मैचों का आयोजन दून वैली पब्लिक स्कूल, देवबंद में किया गया।

ग्रेन चैम्बर क्रिकेट एकेडमी के निर्देशक मयंक शर्मा ने बताया कि उनकी टीम ने यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है। कप्तान मनस्वी ने 82 रन 56 बॉल पर एवं सचिन ने 43 रन 39 बॉल पर, निशांत ने 21 रन 19 बॉल पर बनाकर अपनी टीम को विजयी बनाया। अक्षत शर्मा ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पूरी श्रंखला में 7 विकेट चटकाए। ग्रेन चैम्बर स्कूल की स्पोर्ट्स कमेटी ने सभी खिलाडियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेंट्रल वेयर हाउस में आग लगने से मची अफरातफरी

**छपार, 08 जून (बु.)।** रामपुर तिराहे पर सेंट्रल वेयर हाऊस के पास आग लगने से अफरातफरी मच गई। दमकल विभाग ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रामपुर तिराहा के पास स्थित सेंट्रल वेयर हाऊस के सामने बहुत बड़ी-बड़ी झाड़ियां हैं। गुरुवार दोपहर अचानक झाड़ियों में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बहुत तेजी से आसपास पहुंच गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पुलिस व फायर बिग्रेड की गाड़ी वहां पहुंच गई। मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। रामपुर तिराहा चौकी प्रभारी विनित मलिक ने बताया कि आग पर काबू पा लिया है। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ तथा आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया।

## एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में प्लेसमेंट ड्राइव, विद्यार्थियों का चयन



**मुजफ्फरनगर, 08 जून (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में उद्योग-अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के द्वारा अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओं का प्लेसमेंट ड्राईव के द्वारा विभिन्न कम्पनियों में चयन होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा. नवनीत वर्मा (डीन) एवं प्लेसमेंट अधिकारी, डा. सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक), विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल व एकता मित्तल ने चयनित छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया। प्रकोष्ठ के संयोजक डा. नवनीत वर्मा ने बताया कि इस ड्राईव में विभिन्न संकायों (वाणिज्य, मानविकी व विज्ञान) के अन्तिम वर्ष के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें प्लेसमेंट ड्राईव के अन्तर्गत एएसएम ग्लास मुजफ्फरनगर कम्पनी में ऑफिस एडमिन्सिट्रेटर व मार्केटिंग एक्ज्यूकेटिव के पद हेतु तथा प्रीतम इंटरनेशनल भगवानपुर हरिद्वार कम्पनी में ट्रेनी प्रोडक्शन के पद हेतु चयन किया गया। इसमें प्रीतम इंटरनेशनल में छाया, कीर्ति, साबिका व आदित्य एवं एएसएम ग्लास में जोया खान का चयन हुआ। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने सभी चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी और मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिये प्रेरित किया।

## एमएससी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में डोली और दीपिका रहीं अव्वल



फोटो बुलेटिन — विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ।

### श्रीराम कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 08 जून (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के बेसिक साइंस विभाग के छात्रों ने एमएससी (रसायन विज्ञान) और एमएससी (गणित) के प्रथम सेमेस्टर में शत प्रतिशत रिजल्ट देकर परचम लहराया।

एमएससी(रसायन विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची में डोली ने 86 प्रतिशत, रोजी खान 83 प्रतिशत और मौ. दानिश ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची में दीपिका ने 83.8 प्रतिशत, आँचल 83.4 प्रतिशत और निकिता ने 75.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेरिट सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय भगवान, माता-पिता एवं अध्यापकगणों को देते हुए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है। श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों द्वारा उच्चतम अंक प्राप्त करने पर बधाई दी तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बेसिक साइंस विभाग के विभागाध्यक्षा डा. पूजा तोमर ने बताया कि एमएससी (रसायन विज्ञान) एवं एमएससी (गणित) पाठ्यक्रम का संचालन महाविद्यालय में इसी शैक्षिक सत्र में हुआ है, जिसमें विद्यार्थियों ने उच्चतम अंक प्राप्त कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। निदेशक डा. अशोक कुमार के साथ गणित एवं रसायन विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डा. विनीत कुमार शर्मा, डा. ऋषभ भारद्वाज एवं प्रवक्ता डा. राहुल आर्य, राजदीप सहरावत, डा. मनोज मित्तल, डा. रीतु पुंडीर, विवेक कुमार, मनीषा मदान, अंजलि गोयल, सचिन शर्मा, साक्षी त्यागी, आशीष तिवारी, राहुल कुमार, पंकज कुमार आदि ने सभी को बधाई दी।

# चकबंदी के खिलाफ आक्रोश, किसानों ने की कार्यालय में तालाबंदी

**▶▶ भारतीय किसान मजदूर संगठन ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, समाधान तक चलेगा आंदोलन**

**मुजफ्फरनगर, 08 जून (बु.)।** जनपद के दर्जनों गांवों में वर्तमान में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न हो रही समस्याओं का समाधान न होने के विरोध में गुरूवार को भारतीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले दर्जनों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर चकबंदी कार्यालय का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साएं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पर तालाबंदी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया और चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समय रहते निदान न किया गया तो कार्यालय को बंद करते हुए धरना दिया जाएगा।

गुरूवार को क्षेत्रीय किसानों की चकबंदी से जुड़ी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में दर्जनों किसान इस बीच कलेक्ट्रेट स्थित चकबंदी अधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने किसानों की उपेक्षा करने के आरोप लगाते हुए कार्यालय का घेराव करते हुए वहीं धरने पर शुरू कर दिया। प्रदर्शन करते हुए किसान नेता दीपक सोम ने बताया कि वर्तमान में जनपद के आधा दर्जन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया कार्य किया जा रहा है, लेकिन इस मामले में चकबंदी विभाग के पटवारी और अन्य अधिकारी कर्मचारी गांव में नियम अनुसार चकबंदी का कार्य नहीं कर रहे हैं जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि गांव नसीरपुर बिराल व पीपलशाह समेत कई गांवों में चकबंदी के दौरान किसानों को उनके खेतों तक जाने के लिए रास्ता ही नहीं दिया जा रहा है।



वहीं खेतों की नालियों को भी बेतरतीब ढंग से बनाया है। इसके साथ किसानों के खेतों के सेक्टर और खेतों से बनाये जा रहे चक भी सही ढंग से नहीं काटे गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक क्षेत्र के किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक किसान आंदोलन का रास्ता नहीं छोड़ेंगे। हंगामे के बीच किसानों ने चकबंदी कार्यालय पर विरोध दर्ज कराते हुए तालाबंदी भी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से दीपक सोम, बबली शर्मा, प्रशांत राणा, जिले सिंह, जय सिंह, संदीप कुमार सहित दर्जनों किसान व कार्यकर्ता इस बीच मौजूद रहे।

## हिजाब का स्टेटस लगाने को लेकर छात्रों के दो गुट भिड़े

**रुड़की, 8 जून (एजेंसी)।** क्षेत्र के ग्राम किशनपुर जमालपुर के निकट एक अस्पताल के प्रांगण में चल रहे पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज के बाहर मोबाइल पर हिजाब का स्टेटस लगाने को लेकर छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक छात्र गंभीर घायल हो गया। हालांकि पुलिस घटना की जानकारी होने से इन्कार कर रही है। मंगलवार शाम करीब पांच बजे एक अस्पताल के प्रांगण में चल रहे पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज के छात्र गेट पर खड़े थे। इस दौरान अलग-अलग समुदाय के छात्रों में मोबाइल पर हिजाब का स्टेटस लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ते-बढ़ते मारपीट तक जा पहुंची। इसी बीच छात्रों के दोनों गुटों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट हो गई। मारपीट होने से एक छात्र रजत राणा के सिर में धारदार हथियार लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ छात्र रुड़की क्षेत्र के ग्राम टोडा कल्याणपुर के व कुछ छात्र हरिद्वार के आसपास के गांव निवासी है।

# अतिक्रमण पर कार्रवाई के विरोध में उतरे किसान संगठन

**पुरकाजी, 08 जून (बु.)।** लक्सर हाइवे के चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने जेसीबी चलवाकर मकान तुड़वाने शुरू किए, तो किसान संगठन सड़क पर उतर गए। अफसरों के सामने कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस अफसरों ने हंगामा करने वालों को आड़े हाथों लिया। एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, प्रशासनिक अफसर पुलिस टीम के साथ जेसीबी लेकर गुरुवार सुबह कस्बे में खादर तिराहे पर पहुंचे। अफसरों ने जेसीबी से अतिक्रमण की जद में आए भवनों व दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान भाकियू तोमर से जुड़े अधिवक्ता तथा मौजूदा सभासद से पुलिस की भिड़ंत हो गई। कार्रवाई का पता चलने पर भाकियू टिकैत के नेता मांगेराम त्यागी ओर ब्लॉक अध्यक्ष मोनू पंवार अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए और बुलडोजर रुकवा दिया, लेकिन जैसे ही ये नेता शेरपुर गए, तभी फिर कार्यवाही शुरू हो गई। लोगों के द्वारा कुछ और टाइम देने की लाख मिन्नते करने के बाद भी अधिकारी नहीं माने और देर शाम तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चलती रही। उधर सड़क के दूसरी तरफ के लोगों ने स्वयं ही अपने मकान-दुकान तोड़ने शुरू कर दिए। एसडीएम सदर परमानन्द झा, सीओ सदर यतेंद्र नागर, प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध के अलावा हाइवे के जेई, इंजीनियर, काननूगो व पटवारी मौजूद रहे।



### शेरपुर जाकर दिया धरना

**पुरकाजी, 08 जून (बु.)।** लक्सर हाइवे के चौडीकरण को लेकर तोमर संगठन के कुछ पदाधिकारियों की पुलिस से धक्का-मुक्की को लेकर मामले ने तूल पकड़ लिया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने खादर तिराहे पर काम रूकवाने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में खादर के शेरपुर में धरना देना शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा भी धरनास्थल पर पहुंच गए। एसडीएम सदर परमानंद झा व संबंधित अफसरों ने धरनास्थल पर पहुंचकर यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान सरदार गुलजार सिंह, कय्यूम अंसारी, तोशीन प्रधान, बूटा सिंह, शमशाद, मोबीन, शशि गुर्जर, बिट्टू राठी, विवेक प्रधान, देवेंद्र सिंह, गुलफाम, दीपक गुर्जर, राशिद आदि मौजूद रहे।

# नृत्य के मंच पर एसडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने साबित की प्रतिभा

**नागपुर में आयोजित स्पिक मैके के 8वें अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन में 18 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग**

**मुजफ्फरनगर, 8 जून (बु.)।** स्पिक मैके ने विश्ववेसरैया राष्ट्रीय तकनीक संस्थान नागपुर में 28 मई से 4 जून 2023 तक सात दिवसीय 8वें अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें देश-विदेश से आये लगभग 15 छात्र-छात्राओं, विशेषज्ञों, सर्मथकों एवं स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

स्पिक मैके एक गैर राजनीतिक, राष्ट्रव्यापी, स्वैच्छिक आन्दोलन है जिसकी स्थापना आईआईटी-दिल्ली के प्रोफेसर रह चुके डा. किरण सेठ ने वर्ष 1977 में की थी। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए डा. किरण सेठ को वर्ष 29 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। स्पिक मैके का उद्देश्य भारतीय विरासत और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं जैसे कला, शास्त्रीय संगीत व नृत्य, लोक कलाओं आदि के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और उसमें निहित मूल्यों की आत्मसात करने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित कर औपचारिक शिक्षा की गुणवत्ता को समृद्ध करना है। यह देश की सांझी विरासत को एक मंच प्रस्तुत करता है, जहाँ देश की अनेकता में एकता के दर्शन होते है। पुरानी पीढ़ी ने विभिन्न कलाओं में जो साधना की उसको नई पीढ़ी में ले जाने का काम स्पिक मैके कर रहा है।

रूकैय़ा जैदी (पीजीटी, भूगोल डिपार्टमेंट) के नेतृत्व में एसडी पब्लिक स्कूल के पाँच छात्र-छात्राओं क्रमशः नन्दिनी राय जैन, ऐंजल शुक्ला, अरयाकी वर्मा, रूद्राक्ष शर्मा एवं अबुजैद खान ने नागपुर में आयोजित सम्मेलन में भाग लिया। आश्रम व्यवस्था के अन्तर्गत सप्ताह भर छात्रों ने सुबह 4-7 बजे तक हठ योग, नाद योग, क्षात्रीय, गुरूवाणी आदि सीखा और अभ्यास किया। दूसरे सत्र में देश के योग्यतम गुरुओं के सानिध्य में किसी ना किसी कला जैसे कथक, भरत-नाट्यम, मोहिनीअट्टम, कुचिपुडी, ओडिसी, हिन्दुस्तानी गायन, कर्नाटिक वार्यालन, हठयोग, कुडियाट्टम पॉडवनी, पुंग चोलम, कठपुतली नृत्य, ध्रुपद, ब्लाक प्रिंटिंग, पश्चिमी पाश्चात्य संगीत आदि का सीखने का अनुभव लिया। अपराह्न और सायंकाल के सत्रों में विविध कलाओं में परांगत देश के सम्मिलित कलाकारों को सुनने, देखने व समझने का सौभाग्य प्राप्त किया। युवा पीढ़ी को संगीत, कला, संस्कृति और संस्कार का प्रशिक्षण इस आयोजन से मिला जिससे नई पीढ़ी में नये कलाकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना, प्रधानाचार्या अनीता दत्ता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभावी नुपुर गुप्ता आदि ने छात्रों का आयोजन में सम्मिलित होने के लिए उत्साहवर्धन किया और इस प्रतिभा प्रदर्शन की जमकर सराहना की।



फोटो बुलेटिन — स्पिक मैके के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुति देते एसडी पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राएं।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**92 वर्ष पूर्व हुआ डोनाल्ड डक कार्टून का पहला प्रदर्शन**



**नई दिल्ली 08 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 09 जून की घटनाएं इस प्रकार हैः- 1659-दादर के बलूची प्रमुख जीवन खान ने धोखे से मुगल शहजादे दारा शिकोह को औरंगजेब के हवाले किया। 1720-स्वीडन और डेनमार्क के बीच तीसरे स्टॉकहोम संधि पर हस्ताक्षर किये गये। 1752-फ्रांसीसी सेना ने भारत के त्रिचिनोपोली क्षेत्र में ब्रिटिश सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया। 1815-लग्जमबर्ग फ्रांस के कब्जे से आजाद हुआ। 1898-चीन ने हांगकांग के कुछ नये क्षेत्रों को 99 वर्षों के लिए ब्रिटेन से लीज पर लिया। 1900-आदिवासी नेता और लोकनायक बिरसा मुंडा का निधन। 1909-छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक लक्ष्मण प्रसाद दुबे का जन्म। 1912-भारतीय सिनेमा जगत के प्रसिद्ध संगीतकार वसन्त देसाई का जन्म। 1931-डोनाल्ड डक कार्टून को पहली बार प्रदर्शित किया। 1934-भारत के अमर शहीद प्रसिद्ध क्रांतिकारी दिनेश चंद्र मजूमदार का निधन। 1941-यूरोपीय देश सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के फोर्ट स्मेदेरोवो क्षेत्र स्थित एक हथियार कारखाने में विस्फोट से 1500 लोगों की मौत। 1944-रुस ने फिनलैंड के केरेलिया क्षेत्र पर आक्रमण किया। 1949-भारत की प्रथम महिला आई.पी.एस किरण बेदी का जन्म। 1960-चीन में आये चक्रवती तूफान मैरी के कारण 1600 लोगों की मौत हो गई। 1964-लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने। 1975-फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल का जन्म। 1981-भारतीय संगीतकार अनुष्का शंकर का जन्म।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 08 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

| | |
|---|---|
| सोना- 61,300 | चांदी-73,000 |
| सिक्का- 850 | गिन्नी- 46,000 |

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 08 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया-1135, चाकू 1600, लड्डू 1450, आमद-1000 मन।

### आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 09 जून, 2023**

**मेष-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।
**वृषभ-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, बुद्धि का विकास, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।
**मिथुन-** स्वास्थ्य विपरीत, पारिवारिक उलझनें, प्रेम सम्बन्धों में अड़चनें, पठन-पाठन में अरुचि, विरोधी सक्रिय, धनहानि की आशंका, कार्यक्षमता में कमी, हानि भी।
**कर्क-** आर्थिक व्यावसायिक उन्नति का सुअवसर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, इच्छित पद की प्राप्ति, मान-सम्मान का सुयोग।
**सिंह-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आर्थिक उन्नति, धनागम का सुयोग, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से अपेक्षित सहयोग।
**कन्या-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, घरेलू वातावरण सुखद, पठन-पाठन में रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।
**तुला-** दिनचर्या अव्यवस्थित, सहयोगियों से विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, यात्रा में निराशा, पठन-पाठन में अरुचि।
**वृश्चिक-** कुछेक समस्याओं का समाधान, नवयोजना दृष्टिगत, बकाए धन की प्राप्ति, धार्मिक कार्यों में रुचि, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार।
**धनु-** बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, नवयोजना दृष्टिगत, आर्थिक-व्यावसायिक उन्नति, अध्यात्म के प्रति आस्था, नवसम्पर्क लाभदायी।
**मकर-** आर्थिक प्रगति, दूसरों की सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, नौकरी में प्रोन्नति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।
**कुम्भ-** समय असंतोषजनक, लाभार्जन में कमी, आत्मिक शांति का अभाव, धर्म के प्रति अरुचि, मित्रों से मतभेद, कर्ज से परेशान।
**मीन-** विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, सामाजिक कृत्यों से सुयश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास, कर्ज की निवृत्ति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

